भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईएन संख्या 03/2024, पद - जेई, डीएमएस, सीएमए आदि के विभिन्न पद।

22.04.2025 को आयोजित द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा की द्वितीय पाली को रद्द किया जाता है

1. जेई, डीएमएस, सीएमए आदि के विभिन्न पदों के लिए सीईएन संख्या 03/2024 हेतु द्वितीय चरण का कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी-II) 22.04.2025 को 2 (दो) पालियों में आयोजित किया गया था। परीक्षा आरआरबी को दो समूह में बांट कर आयोजित की गई थी, जिसमें आरआरबी के एक समूह में अभ्यर्थियों ने प्रथम पाली में परीक्षा दी और दूसरे समूह के अभ्यर्थियों ने द्वितीय पाली में।

2. आरआरबी के संज्ञान में आया है कि सॉफ्टवेयर सिस्टम में कुछ त्रुटियों के कारण प्रथम पाली के कुछ प्रश्न सीबीटी-2 की द्वितीय पाली में दोहराए गए।

3. आरआरबी प्रश्नपत्रों के निर्माण, प्रसंस्करण, अनुरक्षण, भंडारण, एन्क्रिप्शन तथा प्रशासन में उच्चतम स्तर की गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु एक प्रणाली का पालन करती हैं। तथा प्रश्न पत्र बनाने और परीक्षा केंद्रों तक भेजने में शून्य मानवीय हस्तक्षेप सुनिश्चित करती हैं। यह सॉफ्टवेयर-आधारित पद्धति के माध्यम से किया गया है ।

   यह संज्ञान में आया है कि सॉफ्टवेयर सिस्टम में तकनीकी त्रुटि के कारण कुछ प्रश्न प्रथम पाली से द्वितीय पाली में दोहराए गए जिससे द्वितीय पाली में आयोजित परीक्षा प्रभावित हुई हैं ।

4. उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए 22.04.2025 की द्वितीय पाली में आयोजित परीक्षा रद्द कर दी गई है और निकट भविष्य में उसी परीक्षा को पुनर्निर्धारित किया जाएगा।

   आरआरबी भर्ती प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सभी संभव उपाय करता हैं तथा उपरोक्त त्रुटि हेतु अभ्यर्थियों को हुई असुविधा के लिए खेद हैं।

5. प्रभावित उम्मीदवारों के लिए सीबीटी-II की पुनर्निर्धारित तिथि की सूचना यथासमय दी जाएगी।

6. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया के बारे में नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को ही देखें। कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह न हों।

7. उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीके से नौकरी के लिए नियुक्ति के झूठे वादे करके उम्मीदवारों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। आरआरबी चयन कंप्यूटर आधारित टेस्ट पर आधारित होते हैं और भर्ती केवल उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर होती है।

दिनांक: 26.04.2025

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड